समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# जयपुर मे गूंजा भारत के पराक्रम का जयघोष, तिरंगा रैली मे उमड़ा जनसैलाब

Publisher Published on 15 May 2025



सवांदाता,जयपुर,राजस्थान
**तिथि :** 16 मई 2025 | **स्थान :** जयपुर

## ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को समर्पित रैली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से जयपुर में आयोजित तिरंगा रैली ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संत समाज, पूर्व सैनिक, और हजारों देशभक्तों की उपस्थिति इस आयोजन को ऐतिहासिक बना गई।

### रैली का उद्देश्य

- ऑपरेशन सिंदूर के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि
- देशवासियों में एकता और जागरूकता फैलाना
- युवाओं को सेना और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना

### मुख्यमंत्री का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा, “शहीदों का बलिदान भारत की आत्मा में अमिट है। तिरंगा रैली भारत के गौरवशाली सैन्य पराक्रम का प्रतीक है।” उन्होंने सभी नागरिकों से देश सेवा के लिए एकजुट होने की अपील की।

## रैली मे युंवाओं की भागीदारी

एनसीसी, एनएसएस, स्कूली छात्रों, समाजसेवियों और महिलाओं की विशेष भागीदारी देखी गई। पूरा वातावरण “भारत माता की जय”, “वंदे मातरम्”, और “शहीद अमर रहें” जैसे नारों से गूंजता रहा।

यह आयोजन जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान और भारत के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गया।

**Source:** Samachar Wani

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.